## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 17.01.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग की ओर से 'पशु कल्याण पखवाड़ा' मनाया जा रहा है।
2. हज यात्रा के लिए प्रक्रिया पूरी करने की अंतिम तिथि पच्चीस जनवरी तक बढ़ा दी गई है।
3. डाक विभाग, की ओर से डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा पॉलिसियों को पुनर्जीवित करने के लिए राष्ट्रव्यापी विशेष अभियान शुरू किया गया है।
4. विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आर जी टी पब्लिक विद्यालय में 'स्वास्थ्य मेले' का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग की ओर से 'पशु कल्याण पखवाड़ा' मनाया जा रहा है। इस वार्षिक आयोजन का मुख्य उद्देश्य पशुओं के प्रति दया, करुणा और जिम्मेदार देखभाल के प्रति जागरूकता फैलाना है। साथ ही, कृषि, आजीविका और खाद्य सुरक्षा में पशुओं की महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित करना है। पखवाड़े का उद्घाटन कालीकट और न्यू बिम्बलीटान की गौशालाओं में किया गया। यहाँ पारंपरिक शैली में मवेशियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, प्रधानों, स्कूली बच्चों, पशु प्रेमियों और वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारियों ने भाग लिया। डॉलीगंज स्थित कैटल फार्म में मट्टू पोंगल श्रद्धापूर्वक मनाया गया। पखवाड़े के दौरान पेट वॉक का आयोजन किया जाएगा, जिसमें टीकाकरण और नसबंदी के बारे में जानकारी दी जाएगी। विभिन्न संस्थानों में पशु चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। स्कूलों में पशुओं के लिए प्राथमिक चिकित्सा पर जागरूकता सत्र और लाइव प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा छात्रों के लिए

सरकारी फार्मों और हैचरी का शैक्षणिक दौरा भी कराया जाएगा। पशुपालन विभाग ने सभी निवासियों, स्वयंसेवी संस्थाओं और पशु प्रेमियों से इन कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील की है।

<><><><><><><>

हज यात्रा के लिए प्रक्रिया पूरी करने की अंतिम तिथि पच्चीस जनवरी तक बढ़ा दी गई है। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि इस तिथि के बाद कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। मंत्रालय ने हज यात्रियों से अपनी हज बुकिंग और अन्य दस्तावेज़ों को अंतिम रूप देने का आग्रह किया है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे अपने वैध पासपोर्ट अपने हज समूह आयोजक के पास या संबंधित कार्यालय में जमा करा दें और नुसुक पोर्टल पर अपना पंजीकरण विवरण दर्ज करें।

<><><><><><><>

ग्रामीण विकास विभाग और इन्टैक के संयुक्त पहल से 'रैग डॉल' बनाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों सहित कुल चौंतीस ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को कपड़े की गुड़िया बनाने केसाथ रचनात्मकता, गुणवत्ता और आय सृजन पर विशेष ध्यान दिया गया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास विभाग के निदेशक डॉ. अपूर्वा शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. शर्मा ने प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह की कौशल–आधारित पहल महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस प्रशिक्षण को प्राप्त करने वाली महिलाओं में 'लखपति दीदी' बनने की पूरी क्षमता है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

<><><><><><><>

डाक विभाग, संचार मंत्रालय ने पॉलिसी धारकों को उनकी बंद हो चुकी डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा पॉलिसियों को पुनर्जीवित करने में मदद करने के लिए एक

राष्ट्रव्यापी विशेष अभियान शुरू किया है। यह अभियान चौदह अप्रैल तक सक्रिय रहेगा। नागरिकों को अपना वित्तीय भविष्य सुरक्षित करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु, डाक विभाग ने विलंब शुल्क और डिफॉल्ट शुल्कों पर छूट की घोषणा की है। इसके तहत एक लाख रूपये से अधिक की राशि में पच्चीस प्रतिशत, एक लाख से तीन लाख रूपये के लिए पच्चीस प्रतिशत और तीन लाख रूपये से अधिक की राशि के लिए तीस प्रतिशत की रियायत दी जाएगी। यह छूट केवल डिफॉल्ट शुल्क पर लागू होगी। पॉलिसी धारक को पुनरुद्धार की पूरी राशि का भुगतान एकमुश्त करना होगा। विभाग ने पॉलिसी धारकों से अपनी पात्रता की जांच करने और सीमित समय की वित्तीय रियायतों का लाभ उठाने के लिए अपने नजदीकी डाकघर या सीपीसी से संपर्क करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

आर जी टी पब्लिक विद्यालय के 'स्वास्थ्य और कल्याण क्लब' के तत्वावधान में आज 'स्वास्थ्य मेले' का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक कल्याण को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की पूर्व निदेशक डॉ. सुजा एंटनी मुख्य अतिथि के रूप में , जबकि डॉ. नीना सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित रही। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में समग्र स्वास्थ्य पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इससे पहले उपस्थिति का स्वागत करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कम उम्र से ही स्वस्थ आदतों को विकसित करने के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने फैशन शो के माध्यम से पौष्टिक भोजन का संदेश दिया। मनोवैज्ञानिक रक्षंदा दुबे ने मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन और भावनात्मक संतुलन पर छात्रों को जानकारी दी। डॉ. नीना और डॉक्टरों की टीम ने जांच शिविर आयोजित कर उन्हें आवश्यक चिकित्सा परामर्श दिया। मेले में विशेषज्ञों के नेतृत्व में योग प्रदर्शन, ध्यान और हाथ धोने की तकनीक का प्रदर्शन भी किया गया। मेले में पौष्टिक खाद्य पदार्थों के स्टॉल लगाए गए थे, जहाँ स्वास्थ्य और पोषण से संबंधित जानकारी प्रदर्शित की गई थी।

<><><><><><><>

निक्षय मित्र पहल के माध्यम से द्वीप समूह में टीबी उन्मूलन की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। इस पहल के तहत केनरा बैंक ने दक्षिण अंडमान में 50 टीबी रोगियों को एक वर्ष की अवधि के लिए पोषण सहायता प्रदान करने की जिम्मेदारी ली है। टीबी की रोकथाम, उपचार और रिकवरी में पोषण एक अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस उद्देश्य की पूति के लिए, 'टीबी मुक्त भारत अभियान' के तहत कॉर्पोरेट्स को 'निक्षय मित्र' के रूप में जुड़ने और रोगियों को पोषण संबंधी सहायता प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस सहायता की शुरुआत के लिए जी.बी. पंत अस्पताल परिसर स्थित जिला टीबी केंद्र, में एक पोषण किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केनरा बैंक के मुख्य प्रबंधक देबलिन दत्ता, स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. एच. एम. सिद्धराजू और NTEP के संयुक्त सचिव डॉ. पी. लाल उपस्थित रहे। केनरा बैंक के अलावा, अनिडको और भारतीय स्टेट बैंक भी द्वीपों में टीबी रोगियों की मदद कर रहे हैं। साथ ही कई एनजीओ, सामाजिक कार्यकर्ता, पंचायती राज संस्था के प्रतिनिधि और व्यक्तिगत लोग भी इस कार्य में अपना योगदान दे रहे हैं।

<><><><><><><>

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में विभिन्न विषयों में प्रमाण पत्र, डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रदान किया जाता है। इग्नू अपनी नीति के अनुसार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों को कार्यक्रम शुल्क में छूट प्रदान करता है। जनवरी–दो हजार छब्बीस शैक्षणिक सत्र के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। इस सत्र में तीन पाठ्यक्रमों बी ए एम, बी एससी एम और बी. कॉम एफ में प्रवेश के लिए शुल्क में छूट प्रदान की गई है। शुल्क छूट के नवीनतम प्रावधानों और पात्रता के बारे में जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसके अलावा विद्यार्थी क्षेत्रीय केन्द्र से भी संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>